दैनिक भास्कर 28 जनवरी 2023.



**गणतंत्र दिवस** • नेपा लिमिटेड के 35 अफसर, कर्मचारियों का सम्मान, विद्यार्थियों को भी किया पुरस्कृत

# स्टेडियम पर सिमट आया भारत, बिखरे विविध सांस्कृतिक रंग, सीएमडी ने किया ध्वजारोहण

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

नेपा लिमिटेड द्वारा 26 जनवरी पर गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह नेहरू स्टेडियम पर कराया गया। सुबह 9 बजे नेपा लिमिटेड अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सौरभ देव ने बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण किया। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ। सीएमडी ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। नगर के विभिन्न निजी और सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।



नेहरू स्टेडियम पर परेड की सलामी लेते नेपा लिमिटेड सीएमडी सौरभ देव।

संबोधित करते हुए सीएमडी देव ने कहा नेपा लिमिटेड की बहुप्रतीक्षित परियोजना को शुरू करने में आवश्यक मार्गदर्शन और सहयोग के लिए हम भारी उद्योग मंत्री डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और नेपानगर विधायक सुमित्रा कास्डेकर के आभारी हैं। सीएमडी ने आत्मविश्वास से आत्मनिर्भरता के उद्देश्यों की पूर्ति कर अर्थव्यवस्था सुदृढ़ करने, संविधान के अनुरूप आचरण करने और देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने का आह्वान किया। समारोह में नेपा लिमिटेड के 35 अधिकारी-कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए मैडल और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मेधावी विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया।

पत्रिका दि० 28/01/2023

# गणतंत्र दिवस: स्टेडियम पर सीएमडी ने फहराया तिरंगा

## परेड की सलामी ली, अफसर, कर्मचारियों का किया सम्मान



कार्यक्र में संबोधित करते नेपा मिल सीएमडी।

नेपानगर. गणतंत्र दिवस पर नेहरू स्टेडियम ग्राउंड पर नेपा मिल सीएमडी सौरभ देब ने ध्वजारोहरण कर परेड की सलामी ली। इस दौरान अफसर, कर्मचारियों का सम्मान भी किया गया। सीएमडी ने कहा कि नेपा लिमिटेड परियोजना को प्रारंभ करने में आवश्यक मार्गदर्शन और सहयोग के लिए हम भारी उद्योग मंत्री डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, नेपानगर विधायक सुमित्रा कास्डेकर का आभार जताते हैं। उन्होंने आत्मविश्वास से आत्मनिर्भरता के उद्देश्यों की पूर्ति कर अर्थव्यवस्था सुदृढ़ कर संविधान के अनुरूप आचरण करने और देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर संस्थान के 35 अधिकारी, कर्मचारियों को बेहतर कार्य करने पर मेडल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए।